हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 22 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

9 भगवान से मुंह मोड़ने वाला हमेशा रहता दुखी : रामचरण गुप्ता



10 डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने पर संगठन...



## खबर संक्षेप

### पानी की मोटर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने पानी की मोटर चोरी करने वाले आरोपी राम सिंह कालोनी निवासी राहुल व बिंटू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए ने रविवार दोपहर के समय राम सिंह कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र के मकान से पानी की मोटर चोरी की थी। पुलिस ने उनके कब्जे से मोटर बरामद की है। आरोपियों को न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### दिव्यांग केंद्र निशुल्क शिविर 11 को

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा समर्थ फाउंडेशन के सहयोग से 11 मई को दिव्यांगजनों के लिए विशाल निशुल्क शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि शिविर में दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल व कान की मशीनें निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### डीसी ने समाधान शिविर में सुनी शिकायतें

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने सभी विभागाध्यक्षों को समाधान शिविर में आई शिकायतों का निपटान पूर्ण गंभीरता के साथ करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक लंबित शिकायत की समीक्षा वे स्वयं कर रहे हैं, इसलिए अधिकारी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करें।

### साइबर फ्रॉड से 94 हजार की ठगी में महिला काबू

**हिसार।** हिसार साइबर थाना पुलिस ने साइबर फ्राड के जरिए बैंक अकाउंट से 94 हजार की ठगी मामले में एक आरोपी महिला झुंझनू राजस्थान निवासी कमला को गिरफ्तार किया गया है। जांच अधिकारी रघुबीर सिंह ने बताया मनोज कुमार ने उसके बैंक अकाउंट से 94 हजार की नकदी निकाले जाने के बारे में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है।

### बाइक सवार को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**नारनौंद।** हिसार दिल्ली नेशनल हाइवे पर सीसर मोड़ के पास अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में युवक को हांसी के नागरिक अस्पताल में लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। बास थाना पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है।

### खेत में बने मकान से लाखों की नकदी गहने चोरी

**हिसार।** गांव नंगथला में चोरों ने खेत में बने एक मकान से लाखों की नकदी व आभूषण उड़ा लिए। चोरी की घटना रविवार रात लगभग डेढ़ बजे हुई। पुलिस को कुलदीप ने बताया कि खेत में बने मकान से सोने के तीन जोड़ी बाली, एक सोने का ढोल और एक ताबीज ले गए। चांदी का मंगलसूत्र, 15 तोले चांदी की पायल, बच्चों के दो जोड़ी कंडूली और एक लाख सात हजार रुपए नकद भी चोरी हो गए।

### टेस्ट ड्राइव के बहाने गाड़ी ले जाने वाले प्रोडक्शन वारंट पर

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने टेस्ट ड्राइव के बहाने गाड़ी को भगा ले जाने वाले आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है। आरोपी की पहचान टोहाना निवासी विक्रम के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने 20 मार्च 2024 को सिंघवा राघो निवासी विरेन्द्र की 2012 माडल कार को खरीदने के लिए सिंघवा गांव के पोस्ट ऑफिस का ब्लैंक चैक देकर गाड़ी का टेस्ट ड्राइव के बहाने गाड़ी को भगा ले गया था।

## वक्फ बोर्ड का इस जमीन पर कोई लेना देना नहीं: विधायक

# जन परिवाद समिति की बैठक में उठा हांसी में जमीन पर कब्जे का विवाद

**2008 में वक्फ बोर्ड से 6000 गज जमीन लीज पर ली : फरियादी, वक्फ बोर्ड को लेकर देश में नया कानून आया है, आप इंतजार करो, नए नियमों के अनुसार ही कार्रवाई होगी: पंवार**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर नागरिकों की समस्या सुनते कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार। *फोटो: हरिभूमि*

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में सोमवार को जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शिकायतें सुनी। इस दौरान 15 में से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। शेष 3 शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखते हुए उन्होंने समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### इन लोगों ने तो मेरे पर भी गोली चलाने का प्रयास किया: भयाना

समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री पंवार के सामने जींद जिले के गांव पोली निवासी सज्जन, हांसी के बास बादशाहपुर निवासी शमशेर, रोहतक के गांव अटायल निवासी अमित कुमार ने कहा कि उन्होंने 2008 में वक्फ बोर्ड से 6000 गज जमीन लीज पर ली थी। ट्रक यूनियन ने उस पर कब्जा किया हुआ है। उसे मुक्त कराया जाए। इस शिकायत को सुनने के बाद मंच पर बैठे हांसी विधायक विनोद भयाना ने कहा कि कई दशकों से इस जमीन पर ट्रक यूनियन का कब्जा है। यह जमीन ट्रक यूनियन की ही है। वक्फ बोर्ड का इस जमीन पर कोई लेना देना नहीं है। विधायक ने कहा कि यह इन लोगों ने तो मेरे पर भी गोली चलाने का प्रयास किया। इन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। यह लोग करोड़ों अरबों की जमीन को फर्जी कागजात के आधार पर कब्जा करना चाहते हैं। इस मामले में हांसी के एसडीएम राजेश खौथ ने कहा कि जमीन में मालिकाना हक एचएसवीपी का है तथा कब्जा ट्रक यूनियन का है। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि वकफ बोर्ड को लेकर देश में नया कानून आया है। आप इंतजार करो। नए नियमों के अनुसार ही कार्रवाई होगी। कोई किसी की संपति हड़प नहीं सकेगा।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर हांसी के विधायक विनोद भयाना, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, उपायुक्त अनीश यादव, हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, हांसी पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, मेयर प्रवीण पोपली, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, भाजपा प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद के एसडीएम मोहित महराणा, जिला परिषद सीईओ हरबीर सिंह, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, ईओ आंचल भास्कर, जीएम रोडवेज डॉ मंगल आदि मौजूद थे।

### कनॉट प्लेस प्रोजेक्ट मामले में कमेटी बनाई

एक अन्य शिकायत में शिवदत्त, सुशील कुमार, रमेश कुमार, कृष्ण आदि ने अरेना गोल्ड सुक कनॉट प्लेस प्रोजक्ट का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि 2011-12 में अरेना गोल्ड सूक इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया था। इस प्रोजेक्ट में शहर ही नहीं दूसरे जिलों के सैकड़ों बड़े बिजनेसमैन व रिटायर्ड अधिकारियों ने पैसा इनवेस्ट किया था। अब न तो दुकान व एससीओ मिले और न ही पैसा वापस। निवेशकों को बार-बार चक्कर कटाए जा रहे हैं। उन्होंने बिल्डर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। इस पर कैबिनेट मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त, सीनियर टाउन प्लानर, डीएसपी तथा ग्रीवेंस कमेटी के दो सदस्यों की कमेटी गठित करते हुए मामले की जांच करने उपरांत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

### फिर मैं जानू और एसई

रामसिंह कॉलोनी निवासी राजू, सोनू, दर्शना, सुमित आदि ने पीने के पानी की समस्या का मुद्दा उठाया। मंत्री ने पूछा, पानी की समस्या को समाधान हुआ या नहीं। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि समस्या का समाधान किया जा रहा है। कॉलोनियों वासियों ने कहा कि तीन दिन पहले पीने के पानी की समस्या का समाधान हुआ है। मंत्री ने कहा कि समाधान हो रहा है, एक सप्ताह में पूरी तरह से समाधान हो जाएगा। इसके बाद भी कोई दिक्कत आ जाए तो मेरा मोबाइल नंबर ले लो। फिर मैं जानूं और विभाग के एसई।

### सप्ताह में रकम वापस न करें तो कार्रवाई के आदेश

फतेहचंद आर्य कालोनी हिसार निवासी कृष्णा देवी ने घर पर सोलर पैनल लगवाने पर अग्रवाल ट्रैडर द्वारा अधिक राशि वसूलने की शिकायत बैठक में रखी गई जिस पर कैबिनेट मंत्री ने निर्देश दिए कि वेंडर को शिकायतकर्ता से वसूली गई 1 लाख 7 हजार रुपये की राशि वापस दिलाई जाएं। अगर वेंडर ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। विभाग द्वारा यह भी अवगत करवाया गया कि नियमों की अवहेलना के मामले में वेंडर को ब्लैकलिस्ट करने के लिए भी लिख दिया गया है।

### 26 तक कब्जा हटाने के आदेश

इसी प्रकार हवलदार अशोक कुमार निवासी मकान नंबर 23/12 वसंत एनक्लेव जेसी नगर बैंगलोर द्वारा नहरी विभाग की जमीन पर बने मकान और अवैध कब्जा हटवाने संबंधी शिकायत पर निर्देश दिए गए कि 26 अप्रैल तक इस जगह से कब्जा हटवा दिया जाएं।

### घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप

गांव बालसमंद निवासी सतीश कुमार ने खाल निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने की शिकायत रखी। इस मामले में उपायुक्त को जांच करवाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में शिकायतकर्ता अर्बन एस्टेट-2 निवासी ज्ञान चन्द गोयल ने मिर्जापुर रोड के पास एक अवैध कॉलोनी के मामले में सोसायटी के विरूद्ध नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की बात रखी, जिस पर निर्देश दिए गए कि इस मामले में प्रदेश से बाहर रह रहे प्रभावित लोगों से डाक या वीसी के माध्यम से शिकायत लेकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएं।

### पीसीआर तैनात करने के आदेश

विद्युत नगर में एक कैफे के संचालन के गलत तौर तरीकों संबंधी शिकायत पर पुलिस अधीक्षक को मामले में सख्त कार्रवाई करने और मौके पर पीसीआर तैनात करने के निर्देश दिए गए। कैमरी निवासी करतार सिंह पुत्र भालसिंह द्वारा जमीन खरीद के मामले में धोखाधड़ी व जालसाजी करने संबंधी शिकायत पर की जांच पुलिस अधीक्षक द्वारा करवाए जाने के निर्देश दिए गए।



**बरवाला।** सीएम फ्लाइंग इन्चार्ज सुनैना के नेतृत्व में गेहूं के स्टॉक की जांच करते अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## बरवाला में सीएम फ्लाइंग ने की बड़ी कार्रवाई

- 2809 क्विंटल गेंहू बरामद कर चार फर्मों के मालिकों से 3 लाख 41 हजार रुपये जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

सीएम फ्लाइंग की टीम ने मंडी अधिनियम के उल्लंघन के मामले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सीएम फ्लाइंग टीम ने पांच अलग-अलग फर्मों के गोदामों व फर्मो पर छापेमारी करते हुए बिना मार्केट फीस के अवैध रूप से भंडारित किए गए गेहूं बरामद किया। इस कार्रवाई में कुल 2809 क्विंटल गेहूं पकड़ा गया और संबंधित फर्मों पर 3 लाख 41 हजार 158 रुपये की मार्केट फीस व जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया। अग्रोहा मार्ग से हिसार बाइपास पुल की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक फर्म में 1400 क्विंटल गेहूं बिना मार्केट फीस के पाया गया। टीम ने मार्केट फीस और जुर्माने की राशि मौके पर ही 1 लाख 70 हजार 08 रुपये की चेक के रूप में वसूली की। दूसरी फर्म पर 700 क्विंटल गेहूं अवैध रूप से भंडारित था, जिस पर 85 हजार 50 रूपये मार्केट फीस व जुर्माना चेक के रुप में वसूला। पुरानी अनाज मंडी स्थित एक फर्म पर 404 क्विंटल गेहूं पर 49 हजार 084 रुपये की मार्केट फीस व जुर्माने की राशि का चेक वसूल किया।

### यह बोलीं टीम इंचार्ज

सीएम फ्लाइंग टीम इन्चार्ज सुनैना ने बताया कि इन फर्मों ने मंडी अधिनियम के तहत तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया और गेहूं की बड़ी मात्रा को बिना किसी वैध मार्केट फीस के स्टॉक कर रखा था। गुप्त सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ये छापेमारी की गई।

## मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल की कैद

**हिसार।** मंदबुद्धि युवती को बहला-फुसलाकर होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने शहर के राजीव नगर के नवीन कुमार को 10 साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि अदालत ने उसे शुक्रवार को दोषी करार दिया था। अदालत में चले अभियोग ने अनुसार एचटीएम थाना पुलिस ने 25 जनवरी 2022 को एक महिला की शिकायत पर दुष्कर्म और अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। महिला को कहना था कि वह प्राइवेट नौकरी करती है। मेरी 24 साल की मंदबुद्धि बेटी है। वह रोज की तरह पास के मोहल्ले में खेलने जाती थी और आ जाती थी। मगर वह बीते रोज खेलने गई थी और वापिस नहीं आई। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। पुलिस ने अगले दिन सुबह पीड़िता ढूंढ ली थी। उसने पुलिस को बयान देकर कहा था कि मैं और 10 वर्षीय ममेरा भाई कल मेरी मम्मी के पास जा रहे थे। हमें रास्ते में एक अज्ञात युवक मिला। उसने बहाने से मेरे ममेरे भाई को घर भेज दिया और वह मुझे एक होटल में ले गया। वहां उसने मेरे साथ गलत काम किया। उसके बाद मुझे नींद आ गई। आज सुबह पुलिस व परिजन होटल में पहुंच गए। पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल जांच करवाकर केस में दुष्कर्म की धारा जोड़ दी थी।

## पेयजल परियोजना का किया शिलान्यास

- नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही प्रदेश सरकार : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** पेयजल परियोजना की आधारशिला रखने उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, नलवा विधायक रणधीर पनिहार व अन्य।

हरियाणा सरकार प्रदेशवासियों को स्वच्छ पेयजल सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सोमवार को बालावास गांव में एक महत्वपूर्ण पेयजल परियोजना की आधारशिला रखी।

नलवा के विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के तहत 250 मिमी की डक्टाइल आयरन पाइप से 11,400 मीटर की लंबाई में जल आपूर्ति लाइन बिछाई जाएगी। दो पंप सेट 2500 एलपीएम क्षमता के लगाए जाएंगे, जो 60 बीएचपी की शक्ति से 55 मीटर हेड तक पानी को पंप करेंगे।

बालावास गांव में 681.65 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह जल आपूर्ति प्रोजेक्ट नलवा और बालावास क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है। इस परियोजना से क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा और यह जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति करेगा। उन्होंने बताया कि यह योजना बीएनसी सिवानी फीडर से नलवा और बालावास वाटर वर्क्स तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

## कचरे के ढेर में लगी आग

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नई सब्जी मंडी के समीप सड़क किनारे पर पड़े कचरे में सोमवार दोपहर को अचानक आग लग गई। कचरे में लगी आग की लपटें तेजी से फैलकर पास में खड़ी गेहूं के खेतों के समीप पहुंच गई। कचरे के ढेर में लगी आग को खेतों की और बढ़ते देख किसानों के दिलों की धड़कनें तेज हो गई और उन्होंने तुरंत डायल 112 व फायर ब्रिगेड को सूचित कर आग को खेतों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए अपने स्तर पर प्रयास किए जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। एडवोकेट कुशल सैनी ने बताया कि पिछले कई दिनों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर खेत के पास नगर परिषद व आसपास के लोगों द्वारा सड़क किनारे कूड़ा कचरा डाला जा रहा है और सोमवार दोपहर अचानक इस कचरे के ढेर में आग लग गई। कचरे के ढेर में लगी आग तेजी से बढ़ते हुए पास खड़े गेहूं के खेतों तक पहुंच गई।

## अमेरिका के उप राष्ट्रपति का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** पुतला फूंकते हुए किसान सभा के नेतागण। *फोटो: हरिभूमि*

अखिल भारतीय किसान सभा की जिला इकाई ने सरकार की किसान विरोधी कृषि नीतियों का विरोध करते हुए लघु सचिवालय पर जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार के नेतृत्व में अमेरिका के उप राष्ट्रपति का पुतला फूंका। कार्यक्रम का संचालन संचालन तहसील सचिव रमेश मिरकां ने किया।

जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने बताया कि अमेरिका का उप राष्ट्रपति कृषि सम्बंधी बिलों पर अमेरिका के हित में समझौता करने भारत आया है, इसके विरोध में किसान सभा ने आज प्रदर्शन किया तथा पुतला जलाया। उन्होंने कहा कि देश में जो नीतियां आयात-निर्यात करने की उप राष्ट्रपति लेकर आया है, उससे ये कृषि प्रधान देश बर्बाद हो जाएगा क्योंकि अमेरिका कृषि सम्बंधित उत्पाद देश को देगा, उस पर शून्य प्रतिशत या नाम मात्र आयात शुल्क लगेगा और हमारे उत्पादों पर 150 से 200 प्रतिशत भारी भरकम निर्यात शुल्क लगेगा। इस कारण देश का उत्पाद निर्यात नहीं होगा तो देश बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएगा। अगर कृषि सम्बंधी अमेरिका की नीतियां अमेरिका के दबाव में भारत सरकार ने लागू की तो किसान सभा व संयुक्त किसान मोर्चा किसी भी हालत में लागू नहीं होने देगा व इसके लिये निर्णायक लड़ाई लड़ेगा।

## स्वागत द्वार की जांच शुरू

## जांच टीम ने द्वार के कॉलम की हैमर टेस्टिंग की

- पार्षद गर्ग ने जांच पर उठाए सवाल गिरा लेंटर, जांच कॉलम की

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना



**उकलाना।** कॉलम की हैमर टेस्टिंग की जांच करती टीम। *फोटो: हरिभूमि*

नगर पालिका द्वारा लगभग 11.54 लाख रुपये की लागत से बनने वाले महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार की शटरिंग हटाते समय द्वार के बीच से लचकने के मामले की जांच शुरू हो गई है। जांच टीम ने सोमवार को स्वागत द्वार के कॉलम की हैमर टेस्टिंग की।

जांच टीम का नेतृत्व नगर परिषद टोहाना के कार्यकारी अभियंता अंकित वशिष्ठ कर रहे हैं। आरोप है कि टीम ने स्वागत द्वार के कॉलम से तो सैंपल लिए लेकिन द्वार का जो हिस्सा शटरिंग हटाते समय लचक के मटेरियल का कोई सैंपल नहीं लिया। ऐसे में जांच पर अभी से सवाल उठना शुरू हो गया है। नगर पालिका पार्षद हरीश गर्ग ने कहा कि गिरा तो लेंटर जांच कर रहे हैं, कॉलम की। उनका दावा है कि एस्टीमेट में कहीं ईट का जिक्र नहीं है। पूरा कंक्रीट से निर्माण होना था लेकिन निर्माण ईटों से हो रहा है और द्वार के निर्माण में 26 क्विंटल सरिया का उपयोग होना था, जबकि निर्माण में प्रयोग किया गया सरिया दो क्विंटल भी दिखाई नहीं दे रहा।

## 400 से अधिक विद्यार्थी चयन की अंतिम दौर की प्रक्रिया के लिए शार्ट लिस्ट

# ‘करियर वर्स 2025’ ने नए आयाम खोले : प्रो. बिश्नोई

- गुजवि के ‘करियर वर्ष 2025’ में 300 से अधिक विद्यार्थियों की हुई प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** गुजवि में मेगा जॉब फेयर में आए एचआर अधिकारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई। *फोटो: हरिभूमि*

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जॉब-कम-समर इंटर्नशिप फेयर 'कैरियर वर्स 2025' में 300 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हो चुका है और 400 से अधिक विद्यार्थियों को अंतिम चयन दौर के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त, 150 विद्यार्थियों को समर इंटर्नशिप के लिए चुना गया है। कुलपति प्रो. नरसी राम विश्नोई ने इस प्रथम जॉब फेयर के सफल आयोजन के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को बधाई दी और इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का आह्वान किया, जिससे विश्वविद्यालय-उद्योग संबंध मजबूत हों और विद्यार्थियों की नियोजन क्षमता को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि 'कैरियर वर्स 2025' ने विद्यार्थियों के लिए करियर और इंटर्नशिप के नए आयाम खोले हैं और विश्वविद्यालय की औद्योगिक भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने एचआर अधिकारियों का सम्मान किया।

### 1200 से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा

कुलपति सलाहकार प्रो. संदीप राणा ने भी विभिन्न इंटरव्यू स्थलों का दौरा किया, एचआर प्रतिनिधियों से बातचीत की और उनकी भूमिका की सराहना की। डायरेक्टर (प्लेसमेंट) एवं जॉब फेयर के संयोजक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को तीन कंपनियों के लिए चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी गई थी, ताकि चयन की संभावनाएं बढ़ सकें। इस मेगा इवेंट के लिए 2300 छात्रों ने पूर्व-पंजीकरण कराया और विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों, संबद्ध कॉलेजों और हरियाणा भर के अन्य संस्थानों के 1200 से अधिक छात्रों ने से भाग लिया। इस जॉब फेयर कार्यक्रम का आयोजन एनआईटी फाउंडेशन, नेशनल करियर सर्विस सेंटर फॉर एससी-एसटी स्टूडेंट्स और ग्रेटर हिसार चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से किया गया।

### इन कंपनियों ने लिया हिस्सा

इस कार्यक्रम में 75 प्रतिष्ठित कंपनियों ने ऑफलाइन, हाइब्रिड और वर्चुअल मोड में भाग लिया और आईटी, वित्तीय सेवा, एफएमसीजी और विनिर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार एवं इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए। भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में टेक महिंद्रा, जेनपैक्ट, एलआईसी, बारबेक्यू नेशन, पुखराज, वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज, टेलीपरफॉर्मेंस, एक्सिस बैंक, एचडीबी फाइनेंस, हाईटेक एनवायरो, रिपोजिटरी, एडब्ल्यूएल मेटावर्स प्राइवेट लिमिटेड, स्टार हेल्थ, मुथूट फाइनेंस, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, डीकेएस इनकॉर्पोरेट्स और आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल रही।

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि सहेली

रोहतक मंगलवार
22 अप्रैल 2025



विशेष : पृथ्वी दिवस



आज धरती का अस्तित्व खतरे में है। प्रदूषित पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग हमारी धरती के सामने बहुत बड़े संकट बनकर खड़े हैं। इस समस्या को वही गहराई से समझ सकता है, जो संवेदनशील है। ऐसी संवेदनशीलता महिलाओं में ही दिखती है। धरती हरी-भरी रहे, संरक्षित रहे, इसके लिए महिलाएं निरंतर एक प्रतिबद्धता के साथ काम भी कर रही हैं। दुनिया भर के पर्यावरणविद भी इस बात को स्वीकारते हैं कि हमारे पर्यावरण को सरकारें नहीं, महिलाएं ही बचा सकती हैं। पृथ्वी के संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी पर एक जरूरी विमर्श।

# महिलाओं के ही हाथ सुरक्षित है धरती

आवरण कथा

संध्या सिंह

पृथ्वी केवल एक ग्रह ही नहीं है, हम पृथ्वी को धरती मां भी कहते हैं। ठीक उसी तरह जैसे स्त्री केवल एक इंसान भर नहीं है, वह मां भी है। धरती और स्त्री दोनों में बहुत-सी समानताएं हैं, दोनों ही जीवन देती हैं, दोनों ही जीवन को पालती हैं, वह भी बिना किसी स्वार्थ के उसे सहेजती भी हैं। इसलिए जब हम पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) मनाते हैं, तो दिलो-दिमाग में यह आना स्वाभाविक है कि धरती को बचाने की सबसे मजबूत आशा महिलाओं से ही की जाती है। विशेषकर उन महिलाओं की ओर हमें देखना होगा, जो मिट्टी से जुड़ी हैं, जंगल को जानती-समझती हैं, जल संरक्षण करती हैं, जिनके कंधों पर सदियों से कृषि का भार रहा है। ये सब महिलाएं हैं, जिन्हें चाहे कोई कहे या न कहे, ये पर्यावरण की स्वतः रक्षक हैं। इसलिए दुनिया को धरती बचाने की मुहिम में महिलाओं को कारगर भूमिका में लाना चाहिए, तभी धरती के बचने की उम्मीद की जा सकती है।

**पृथ्वी-स्त्री दोनों हैं जन्मदायिनी शक्तियां:** प्रकृति को भी भारतीय परंपरा में धरित्री, वसुधा और भूमाता कहा जाता है, क्योंकि स्त्री की तरह पृथ्वी या धरती भी जननी है। दोनों ही जीवन की संरचना और निरंतरता का आधार हैं। दोनों ही सृजन करती हैं,



एक धरती को हरा-भरा करती है, दूसरी कोख को। दोनों का मूल स्वभाव सहनशीलता और पुनर्निर्माण है, क्योंकि दोनों में संवेदना है। यह अकारण नहीं है कि गांव की लाखों महिलाएं, जो रोज जंगल से लकड़ियां बीन कर लाती हैं, कुएं-पोखरों से पानी भरती हैं, वे कुदरत से बिना कुछ चाहे खुशी-खुशी स्वयंसेवकों की तरह रक्षा करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो समय-समय पर जंगलों की रक्षा के लिए सैनिकों की तरह आगे बढ़कर आई हैं। महिलाएं ही हैं, जो खेतों में जैविक खाद डालती हैं, पेड़ों को कटने से बचाती हैं, क्योंकि उन्हें पता है पेड़ नहीं होंगे तो बारिश नहीं होगी। पूरी दुनिया में अब तक जितने भी जंगल बचाने के लिए आंदोलन हुए हैं, हमेशा इन आंदोलनों में महिलाओं ने न सिर्फ बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी की है बल्कि पहली कतार में वही रही हैं।



**क्या कहते हैं शोध:** संयुक्त राष्ट्र संघ की शोध रिपोर्ट बताती है कि जिन देशों में पर्यावरणीय नीतियों में महिलाओं की भागीदारी होती है, वहां वनों की कटाई, जल प्रदूषण और जैव विविधता पर सकारात्मक असर देखने को मिलता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र दुनिया की सभी सरकारों से कहता है कि वो महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा तकनीक, वनीकरण और स्थाई खेती से जोड़ें। क्योंकि महिलाएं जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में निर्णायक रूप से भूमिका निभाती हैं। दरअसल, जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो वे न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि शैक्षिक रूप से भी निर्णय लेने की क्षमता रखती हैं। देखा गया है कि महिलाएं हमेशा पर्यावरण के प्रति अनुकूल भाव रखती हैं, वे हमेशा हरित विकल्पों को तरजीह देती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो दुनिया में 90 फीसदी जल संग्रह करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो जैविक बागवानी का बोझ अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। स्थानीय स्तर पर शुद्ध बीजों की सुरक्षा महिलाओं की बदौलत ही हो पा रही है।

**धरती और स्त्री दोनों शोषित:** शायद इसलिए भी धरती के बोझ का दुख महिलाएं ज्यादा संवेदनशीलता से समझती हैं, क्योंकि धरती की तरह ही वे भी शोषित हैं। महिलाओं को समाज में अकसर निचले स्तर के कामों तक सीमित रखा जाता है। शिक्षा से वंचित और निर्णय लेने के मामले में उन्हें बाहर रखा जाता है, इसलिए दुनिया में कई तरह की अव्यवस्थाएं हैं, कई तरह की आक्रामकताएं हैं, क्योंकि नीतिगत निर्णय के मामले में महिलाओं को पुरुषों ने जान-बूझकर पीछे रखा है। वक्त आ गया है कि अब इस अन्याय को सुधारा जाए और धरती और स्त्री दोनों को ही सम्मान मिले, दोनों को ही अपनी-अपनी संवेदनशीलता के लिए आवाज मिले, क्योंकि धरती का दुख महिलाएं ही बेहतर जानती हैं। इसलिए महिलाओं के हाथ में ही धरती की सुरक्षा का भार सौंपना अक्लमंदी है।

**धरती का अंधाधुंध दोहन नहीं करतीं महिलाएं:** महिलाओं के हाथों में धरती को इसलिए सुरक्षित माना गया है, क्योंकि वो अंधाधुंध दोहन के दर्शन को नहीं मानतीं, वे मिलकर जीने के सिद्धांत की समर्थक होती हैं। महिलाएं कभी भी पर्यावरण को उस तरह हृदयहीनता से नुकसान नहीं पहुंचातीं, जैसे आमतौर पर धरती को पुरुष नुकसान पहुंचाते हैं। महिलाएं शांति पसंद होती हैं, वे पर्यावरण के साथ बेरहमी से पेश नहीं आतीं, इसलिए वक्त आ गया है कि धरती के सामने जो सवालिया निशान लगा है, उस निशान को हटाने के लिए यह भूमिका महिलाओं की दी जानी चाहिए। ❁

## पर्यावरण संरक्षक

**महिलाएं जन्मजात** पर्यावरण संरक्षक होती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो भारत के गांवों में जलस्रोतों की देखभाल करती हैं, पूरे देश में जैविक खाद तैयार करती हैं, बीजों को सहेजती हैं। जंगल, चारागाह, तालाब ऐसी विरासतें हैं, जिनकी देख-रेख आज भी महिलाओं के कंधों पर ही टिकी है, क्योंकि इनके प्रति उनका बेहद संवेदनशील रवैया है। ये महिलाओं का स्वभाव ही है, जो उन्हें पर्यावरणीय फैसलों का स्वाभाविक अगुवा बना देता है। यह सिर्फ अपने देश तक ही सीमित नहीं है, संयुक्त राष्ट्र संघ भी इस बात की तस्दीक करता है कि धरती के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशीलता अगर कोई रखता है तो वे महिलाएं हैं। साल 1973 में जब भारत में चिपको आंदोलन हुआ था तो ये महिलाएं ही थीं, जो पेड़ों से चिपक जाती थीं। लकड़हारों से कहती थीं, 'अगर पेड़ काटना है, तो पहले हमें काटो।' महिलाओं ने पेड़ों के लिए खुद को दांव पर इसलिए लगाया, क्योंकि वे जानती हैं कि पेड़ नहीं होंगे तो हवा जहरीली हो जाएगी। शायद इसीलिए दुनियाभर के पर्यावरणविद कहते हैं, 'दुनिया के पर्यावरण को सरकारें नहीं बचा सकतीं, उन्हें सिर्फ महिलाएं ही बचा सकती हैं।'



विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

# किताबें सिखाती हैं जीना



इस नए दौर में अधिकांश लोग हाथों में मोबाइल लिए सोशल मीडिया की दुनिया में खोए रहते हैं। किताबें पढ़ने की हमारी आदत खत्म होती जा रही है, जबकि किताबें हमारी सबसे भरोसेमंद दोस्त होती हैं, जीने की सही राह दिखाती हैं, जो जिंदगी की खुशहाली के लिए जरूरी है।

सलाह

सरस्वती रमेश

भावना बहुत अच्छी जॉब में थी, लेकिन एक एक्सीडेंट के चलते उसे अपना बायां पैर खोना पड़ा, जॉब छोड़नी पड़ गई। चलने से मजूबर भावना घर के एक कमरे में सिमट कर रह गई। पति ऑफिस चले जाते, बच्चे स्कूल। घर में बस वह अकेली बचती। उसे टीस होती कि अपने खोए पैर के कारण अब वह जीवन में कुछ नहीं कर पाएगी। धीरे-धीरे वह बहुत परेशान रहने लगी, चिड़चिड़ी हो गई। अपनी स्थिति के बारे में लगातार सोचने से वह मानसिक रूप से बीमार रहने लगी। उसका किसी काम में मन नहीं लगता था। तभी एक दिन भावना की सहेली ने उसे एक किताब गिफ्ट की। यह किसी दिव्यांग महिला की ऑटोबायोग्राफी थी कि उसने कैसे अपना जीवन संवारा और आत्मनिर्भर बनी। किताब को पढ़ते ही भावना के भीतर नई आशाएं जागीं। फिर क्या था, भावना ने किताबों से दोस्ती कर ली। हर हफ्ते एक नई किताब पढ़ती। इन्हें पढ़ने से उसे नई दृष्टि मिली। वह अपने आपको ऊर्जावान महसूस करती। साल भर बाद उसने महसूस किया कि किताबें पढ़-पढ़ कर वह इतना कुछ जान-समझ चुकी है कि उसे अपनी विकलांगता से कोई शिकायत नहीं रही। उसने अपनी लाइफ नए सिरे से प्लान की, भविष्य की सुनहरी राह बनाई। अब वह आत्मनिर्भर है, दूसरों के लिए एक मिसाल है।



**हर किसी को पढ़नी चाहिए किताब:** किताबें हम सबकी सच्ची दोस्त होती हैं। क्योंकि किताबें हमारा अकेलापन छांटती हैं, जीने का सलीका सिखाती हैं। जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती हैं। मुश्किलों से उबरने की तरकीब भी बताती हैं। हमारा आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। किताबें पढ़कर हम हर तरह का ज्ञान अर्जित करते हैं, बौद्धिक रूप से समृद्ध होते हैं। किताबें महिलाओं के सशक्तीकरण की राह बनाती हैं।

**पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती:** कुछ लोगों को यह कहते हुए सुना जाता है कि अब हमारी पढ़ने की उम्र नहीं रही। बुढ़ापे में पढ़कर क्या होगा? ऐसे लोगों को केरल की भागीरथी अम्मा से सबक लेना चाहिए, जो अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उनको किताबें पढ़ने का जुनून था, इसलिए उन्होंने 105 साल की उम्र में चौथी क्लास की परीक्षा दी और पास हुईं। किताबें पढ़ने की अपनी इच्छा उन्होंने पूरी की। इसी तरह महाराष्ट्र के बारामती की रहने वालीं बेबी गुरव को परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण बचपन में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। सालों बाद जब उनका बेटा दसवीं में पहुंचा तो बेबी ने भी बेटे के साथ ही दसवीं की परीक्षाएं दीं और और पास भी हुईं। अब वह जमकर अपनी मनपसंद किताबें पढ़ती हैं, ज्ञान बढ़ाती हैं। ये कहानियां हमें बताती हैं कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। उसके लिए सिर्फ हमें किताबों से प्रेम करना आना चाहिए।

**तन्हाई की सबसे भरोसेमंद साथी:** माता-पिता की जिंदगी में एक ऐसा समय आता है, जब उनके बच्चे पढ़ने या जॉब करने के लिए घर से दूर चले जाते हैं। शादी के बाद अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में अकेले रह रहे माता-पिता के लिए किताबें अच्छी दोस्त साबित होती हैं। मन को शांत, एकाग्र और स्वस्थ रखने में किताबें इनकी मदद करती हैं।

**उम्र बढ़ाती हैं किताबें:** किताबें हमारे दिमाग को स्वस्थ और संतुलित रखने में मददगार होती हैं। शोध बताते हैं, नियमित रूप से किताबें पढ़ने से ब्लड प्रेशर सही रहता है। चूंकि किताबें हमारा मनोरंजन करती हैं, इसलिए इनसे तनाव कम होता है। शोध तो यहां तक कहते हैं कि किताबें पढ़ने से उम्र लंबी होती है।

**बदलती है समाज की सोच:** किताबें पढ़कर हम उन्नत विचारों को ग्रहण करते हैं, रूढ़िगत परंपराओं से बाहर आते हैं। किताबें परिवार-समाज को विचारों से प्रगतिशील बनाती हैं। इस तरह किताबें समाज में एक अच्छा बदलाव लाती हैं। इसलिए अपना और दूसरों का भी जीवन बदलने के लिए अधिक से अधिक किताबें पढ़ें। ❁


इंटीरियर

अनु आर.

घर की दीवारों को सजाने के लिए पेंट या वॉल पेपर का चयन करना थोड़ा मुश्किल होता है। दरअसल, दोनों के अपने-अपने प्लस और माइनस प्वाइंट्स होते हैं। इसलिए अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार आप किसी का भी चुनाव कर सकती हैं।

# चुनें वही जो हो पसंद वॉल पेपर या पेंट





आमतौर पर जब बात घर और ऑफिस के इंटीरियर की आती है तो लोग वॉल पेंट को प्रमुखता देते हैं। इसमें कई स्टाइल, डिजाइन, पैटर्न से घर की दीवारों को सजाने के ऑप्शंस होते हैं। हालांकि पेंट और वॉल पेपर दोनों ही घर के इंटीरियर में अलग-अलग तरह के बदलाव लाते हैं। लेकिन दोनों के ही अपने-अपने फायदे और नुकसान होते हैं। आप इनमें से किसका चयन करना चाहती हैं, यह आपकी पसंद और जरूरत पर निर्भर करता है। इन दोनों में से कौन-सा ज्यादा अच्छा होता है, इसके बारे में अलग-अलग राय हो सकती है।

**वॉल पेपर की क्वालिटीज:** वॉल पेपर लोगों द्वारा इसलिए कम पसंद किए जाते हैं, क्योंकि इसे एक बार लगाने के बाद इसे हटाने का प्रोसेस थोड़ा मुश्किल होता है और इसके लिए प्रोफेशनल की मदद लेनी पड़ती है। उसकी तुलना में पेंट करवाना लोगों को ज्यादा सरल लगता है। वॉल पेपर किसी भी कमरे के एस्थेटिक्स में एक नया बदलाव ले आते हैं। जबकि पेंट में उतनी वैरायटी उपलब्ध नहीं होती। हालांकि वॉल पेपर्स हर घर के लिए उपयुक्त साबित नहीं होते। जिन घरों में बच्चे छोटे होते हैं और जहां पेट्स होते हैं, वहां वॉल पेपर जल्द खराब होने का डर रहता है। इसके अलावा जिन घरों की दीवारों में सीलन ज्यादा होती है, सीलन के कारण वॉल पेपर की शेप खराब हो जाती है और ये फूल जाती हैं। हालांकि वॉल पेपर की खूबी है कि इन पर अगर दाग या धब्बे लग जाते हैं तो उन्हें आसानी से रिमूव किया जा सकता है। अगर वॉल पेपर डैमेज हो जाते हैं तो इन्हें दोबारा फिक्स करवाया जा सकता है। हालांकि एक बार अगर वॉल पेपर घर की दीवारों पर लगा दिया जाता है और उसकी केयर की जाए तो यह कम से कम दस साल तक सही रहता है। वॉल पेपर में दीवारों के स्क्रेच या खुरदरेपन को छुपाया जा सकता है, जबकि पेंट में यह संभव नहीं होता। घर अगर बड़ा है और बड़ी दीवारों के लिए वॉल पेपर का इस्तेमाल किया जाता है तो इनमें आने वाले ज्वाइंट्स



को अच्छी तरह से बनाना चाहिए। इनमें आने वाले क्रेक्स को भी ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है।

**वॉल पेंट की खासियत:** वॉल पेपर और पेंट की तुलना करने पर हम पाते हैं कि पेंटिंग में काफी समय लगता है, कई मजदूरों की जरूरत पड़ती है। बाद में घर की साफ-सफाई भी अच्छे से करनी पड़ती है। वॉल पेंट सीलन भरी दीवारों पर जल्दी खराब तो होता ही है, बच्चे या पेट्स इन पर दाग-धब्बे लगा देते हैं और थोड़े समय बाद दीवारों पर पेंट पुराने लगने लगते हैं। अगर उस जगह तेज धूप आती हो तो पेंट और भी जल्दी खराब हो सकता है। हालांकि इसके बावजूद वॉल पेंटिंग को अधिकांश लोगों द्वारा पसंद किया जाता है और इसे अधिक टिकाऊ माना जाता है।

**वॉल पेपर का बजट:** वॉल पेपर को लगाने के लिए किसी प्रोफेशनल की जरूरत होती है, जबकि पेंट करने का काम आप फैमिली मेंबर्स के साथ मिलकर स्वयं भी कर सकती हैं। पेंट जगह-जगह से उखड़ जाता है तो इसकी आप खुद रिपेयरिंग भी कर सकती हैं। जबकि वॉल पेपर पर खर्च ज्यादा आ सकता है।

**उपलब्ध हैं कई वैरायटीज:** वॉल पेंट हो या वॉल पेपर, दोनों में ही कई तरह के प्रयोग किए जा सकते हैं। वॉल पेपर में तो बहुत सारे डिजाइन और वैरायटीज आपको मिल जाएंगी, जो घर के इंटीरियर में पूरी तरह बदलाव ला देती हैं। वॉल पेपर के डिजाइन घर को ज्यादा स्पेशियस दिखाते हैं। उनको कस्टमाइज्ड कराया जा सकता है और इन्हें ऑर्डर पर भी लाया जा सकता है। ❁

केयर

सरिता गुप्ता

# इस मौसम में ऐसे करें स्किन केयर

गर्मी के मौसम में स्किन का बहुत ध्यान रखना पड़ता है, नहीं तो तेज धूप की वजह से स्किन पर रैशेज, टैन, सनबर्न और एक्ने जैसी बहुत-सी प्रॉब्लम हो सकती हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए हम आपको ऐसे स्टेप्स बता रहे हैं, जिन्हें आजमाकर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं।

**फेस वॉश करें:** आप जब भी बाहर से घर लौटकर आएं तो सबसे पहले फेस वॉश जरूर करें। इससे आपके चेहरे पर जमा पसीना, धूल, प्रदूषण आदि सब साफ हो जाएगा। ऐसा करने से आप फ्रेश भी फील करेंगी। इसके साथ ही हफ्ते में एक बार स्क्रब भी कर सकती हैं।

**सनस्क्रीन:** वैसे तो सनस्क्रीन का यूज हर मौसम में करना चाहिए, लेकिन गर्मियों में तो घर से बाहर जाते समय एसपीएफ 30 वाली सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। यदि ज्यादा देर तक धूप में रहना हो, तो एसपीएफ 50 का यूज करें क्योंकि सूरज से निकलने वाली खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणें, हमारी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाती हैं। सनस्क्रीन हमारी त्वचा को धूप के सीधे संपर्क में आने से भी बचाती है।



**एक्सफोलिएट:** स्किन को हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएट जरूर करना चाहिए। इससे फेस बिल्कुल साफ नजर आता है। इसके लिए ऐसे स्क्रब का चयन करें, जो फेस की सूजन को कम करें और डीप क्लीन करे। यह स्किन के टेक्सचर को सुधारने के साथ-साथ झुर्रियों को भी दूर रखता है।

**नाइट केयर:** रात को सोते समय हमारी स्किन रिपेयरिंग का काम करती है। इसलिए रात को जब नाइट क्रीम का यूज करते हैं तो इससे स्किन रिंकल फ्री और ग्लो करने लगती है। इसके लिए आप ऐलोवेरा जैल का भी यूज कर सकती हैं। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं।

**केमिकल प्रोडक्ट्स:** जहां तक संभव हो स्किन केयर के लिए हमेशा बिना केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का यूज करना चाहिए। केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से स्किन पर एक्ने और रिंकल जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनकी जगह नेचुरल प्रोडक्ट्स यूज करें।

**होम रेमेडीज:** स्किन को हाइड्रेट करने और फ्रेशनेस बनाए रखने के लिए आप होममेड फेसपैक जैसे मुल्तानी मिट्टी, चंदन पावडर और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनसे स्किन को कूलिंग इफेक्ट और फ्रेशनेस बनाए रखने में मदद मिलती है।

**मॉयश्चराइजर:** गर्मियों में अकसर लोग स्किन को मॉयश्चराइज करना अवॉयड करते हैं, जबकि यह स्किन केयर का जरूरी स्टेप होता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार गर्मी में लाइट या वॉटर बेस्ड मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे स्किन ऑयली और डल न लगे। ❁

**(ब्यूटी एक्सपर्ट सीमा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

मुक्ता भावसार


गर्मी के मौसम में खुद को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है। इससे आप एनर्जेटिक फील करेंगी। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसी डाइट के बारे में, जो आपको रखेंगे हाइड्रेटेड।

# गर्मी के मौसम में ऐसे रखें खुद को एनर्जेटिक-हाइड्रेटेड

गर्मी का मौसम अपने साथ लू, थकान और शरीर में पानी की कमी जैसी कई समस्याएं लेकर आता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वैसे-वैसे शरीर से पसीने के रूप में पानी और जरूरी मिनरल्स बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर शरीर को समय-समय पर हाइड्रेट न किया जाए, तो चक्कर आना, थकावट और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। गर्मियों में सही खान-पान और पर्याप्त पानी पीना न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि ऊर्जावान भी बनाए रखता है। गर्मियों में थोड़ी-सी सावधानी और कुछ घरेलू उपाय अपनाकर आप न सिर्फ खुद को हाइड्रेटेड रख सकती हैं, बल्कि लू और थकान जैसी समस्याओं से भी बच सकती हैं।

**पर्याप्त पानी पिएं:** गर्मी में रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना जरूरी है। अगर पसीना ज्यादा आता है, तो मात्रा और बढ़ा दें। ठंडा पानी नहीं, बल्कि सामान्य तापमान या हल्का ठंडा पानी पीना ज्यादा फायदेमंद होता है। अगर सादा पानी पीने का मन न हो, तो उसमें नीबू, पुदीना, खीरा या तुलसी डालकर फ्लेवर्ड वाटर बनाएं। घर से निकलते समय एक गिलास पानी जरूर पीएं





और पानी की बोतल साथ रखें।

**हाइड्रेटिंग फ्रूट्स:** तरबूज, खीरा, संतरा, अंगूर जैसे फलों में पानी भरपूर होता है। लौकी, तोरई जैसी सब्जियां और नारियल पानी शरीर को ठंडक और इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। गर्मी के मौसम में इनका भरपूर सेवन करें। इसके साथ ही, नीबू पानी, लस्सी, बेल शरबत, आम का पना, जलजीरा और सौंफ-गुलकंद का पानी शरीर को ठंडा और पाचन को दुरुस्त रखते हैं। लस्सी, छाछ,



पुदीना-तुलसी ड्रिंक, सत्तू का शरबत, पान-गुलाब शरबत जैसे पेय शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ एनर्जी भी देते हैं। गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक्स और कैफीन का सेवन करने से बचें।

**मसालेदार खाने से करें परहेज:** अपने भोजन में सलाद, दही, ताजे फल, दालें और हरी सब्जियां जरूर शामिल करें। तले-भुने और मसालेदार खाने से परहेज करें। जंक और स्ट्रीट फूड का सेवन ना करें, क्योंकि यह पेट में गर्मी और एसिडिटी बढ़ा सकता है। बेहतर पाचन और शरीर में पानी की संतुलित मात्रा बनाए रखने के लिए हल्का, सुपाच्य और पौष्टिक भोजन ही लें। ❁

**(आहार विशेषज्ञ पूनम विशाल ज्वेल से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली की अगुवाई व निगमायुक्त नीरज के निर्देशानुसार नगर निगम की ओर से स्वच्छता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम की ओर से आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल में 'स्वच्छता का संस्कार' कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को साफ-सफाई व कचरा सेंग्रीगेशन, होम कंपोस्टिंग के महत्व के साथ-साथ प्लॉस्टिक के खतरों से अवगत करवाना। कार्यक्रम में सचिव राहुल सैनी, सीटीएल प्रदीप जाखड़, हरी राम, अजीत दरोगा सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए।

### ट्रेनों का रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने की मांग

**मंडी आदमपुर।** क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक व्यापारी व राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारियों से गोरखधाम एक्सप्रेस को आदमपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने की मांग की है। इसके अलावा जम्मू तवी अहमदाबाद तथा जयपुर अजमेर अमृतसर ट्रेन का भी आदमपुर में ठहराव देने की मांग की है। इस संबंध में आदमपुर व्यापार मंडल मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट, भारत विकास परिषद, बिश्नोई सभा के पदाधिकारियों ने कहा है कि मंडी आदमपुर कपास, ग्वार तथा गेहूं की महत्वपूर्ण अनाज मंडी हैं, प्रतिदिन हरियाणा ही नहीं बल्कि पंजाब, राजस्थान, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश व अन्य क्षेत्रों से अनेक व्यापारी मंडी आदमपुर अनाज मंडी में जींसों की खरीद-फरोख्त करने आते हैं। आदमपुर ठहराव न होने के कारण व्यापारियों व लोगों को हिसार या सिरसा उतरना पडता है। इसके चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड रहा है। इनका कहना है कि मंडी आदमपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने से जहां रेलवे की आय में वृद्धि होगी वहीं व्यापारियों व क्षेत्र के लोगों को भी आवागमन मे भी आसानी होगी।

### मोदी यूनिवर्सिटी टॉपर को देगी छात्रवृति

**हिसार।** लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन डॉ. प्रतीक भांति ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजिनयरिंग ने तकनीक के बदलते परिपेक्ष्य के मद्देनजर डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ए आई, बॉयोमेडिकल एवं न्यूक्लियर साइस एंड टेक्नोलॉजी सहित कई स्किल बेस्ड कोर्सेज छात्राओं के लिए मुहैया कराती है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इंजिनयरिंग के कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि छात्राएं इंडस्ट्री के मांग के अनुसार बेहतर तौर पर खुद को तैयार कर सकें। प्रत्येक वर्ष की तरह मोदी विश्वविद्यालय ने इस वर्ष भी छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृति की घोषणा की। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगी परीक्षाओं के टॉपर को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

### राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**हिसार।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य नवाचार, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, निर्यात व उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष कुल 44 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें विनिर्माण, सेवा, विशेष श्रेणियों और संस्थागत समर्थन से जुड़ी श्रेणियां शामिल हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है और एक उद्यमी एक से अधिक श्रेणियों में आवेदन कर सकता है। पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और एक से तीन लाख रुपये तक की नकद राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही विजेता एमएसएमई को अपने कर्मचारियों को पुरस्कार के प्रतीक चिन्ह जैसे पिन, लोगो, टाई आदि पहनाने की अनुमति भी दी जाएगी।

### पड़ोसी के भी खेत में भी लगी आग, ट्रैक्टर से जुताई कर आगे बढ़ने से रोका

# 4 एकड़ में फाने जलकर राख, फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच पाया काबू

*एक घंटे की कड़ी मशक्कत से बुजाई आग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। आग की घटना के बाद खेत में फैली राख

नजदीकी गांव देपल में सोमवार दोपहर खेत में खड़े फानों में आग लग गई । जिससे खेत में खड़े करीब 4 एकड़ के फाने जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। मामले की जानकारी देते हुए देपल निवासी राकेश ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे खेत के पड़ोसी ने उसे फोन कर बताया कि उसके खेत में आग लग गई है। सूचना मिलने के बाद उसने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन किया और स्वयं भी खेत में पहुंच कर देखा तो आग पूरी तरह से भड़की हुई थी। उन्होंने बताया कि कुछ ही देर में ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद आसपास के लोगों तथा फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया तब तक उसके खेत में करीब 4 एकड़ में फाने जलकर राख हो चुके थे। राकेश ने बताया कि वह अपने ताऊ धारा सिंह की जमीन पर खेती करता है। और आगजनी की इस घटना में उसके चार एकड़ में खड़े गेहूं के फाने जलकर राख हो गए। राकेश ने बताया कि गेहूं के फानों में लगी आग से उसके पड़ोसी किसान राहुल के भी खेत में खड़ी गेहूं की फसल में भी आग लग गई थी। लेकिन गनीमत रही कि वह मौके पर खेत में मौजूद था और उसने ट्रैक्टर से जुताई कर आग को बढ़ने से रोक लिया गया। लेकिन बावजूद इसके राहुल का आधा एकड़ गेहूं जल गया।

### नुकसान की भरपाई सरकार करे : गोयल



विपिन गोयल।

**हिसार।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता विपिन गोयल छानीवाला ने आए दिन हो रही शॉर्ट सर्किट की घटनाओं के कारण व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लगने वाली आग और उससे हो रहे भारी आर्थिक नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आगजनी की इन घटनाओं में व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिससे उनका व उनके परिवार का जीवन यापन करना भी कठिन हो गया है। ऐसी स्थिति में सरकार का कर्तव्य है कि वह प्रभावित व्यापारियों को तत्काल मुआवजा प्रदान करे, जिससे वे दोबारा अपने व्यापार को खड़ा कर सकें। विपिन गोयल ने यह भी मांग की कि सरकार व्यापारियों की दुकानों, गोदामों और फैक्टरियों का सामूहिक बीमा अनिवार्य रूप से कराए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटना के समय व्यापारियों को बीमा के माध्यम से राहत मिल सके।



एडीजीपी एम रवि किरण के साथ धानक जन कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष संदीप खरकिया।

## धानक जनकल्याण मंच प्रदेश में चलाएगा नशा के खिलाफ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश अनुसार एवं हिसार एडीजीपी एम रवि किरण से उनके कार्यालय ने मिलकर धानक जन कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष संदीप खरकिया ने हिसार जिले में नशा मुक्ति अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष खरकिया ने बताया कि मंच के माध्यम से जिले के गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कमेटी गठित करके गांव-गांव जाकर युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नशा का कारोबार प्रदेश भर में बड़ी तेजी से बढ़ रहा है, इसे रोक पाना बड़ा मुश्किल है। प्रदेश सरकार भी समय-समय पर नशा मुक्ति अभियान को लेकर विशेष जागरूक अभियान चलती है। आज समाज में फैल रही नशा मुक्ति अभियान को लेकर समाज में बुराइयों को मिटाने के लिए मंच का हर संभव प्रयास रहता है। धानक जन कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए समाज के युवाओं को आगे आना होगा।

## रक्तदान करने से बीमारियां होती दूर मन को शांति मिलती : लाहौरिया

- समृद्ध भारत परिषद ने रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




समृद्ध भारत परिषद द्वारा मंगलम ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर स्व. रामदयाल गोयल की याद में लगाया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि रक्तदान करने से कई बीमारियां दूर होती हैं तथा मन को शांति मिलती है। सचिव डॉ. अजित कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में 54 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर बिशम्बर सचदेवा, दीपक अग्रवाल, मन्नु गोयल, राजेश गुप्ता, तिलक महता तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## वाल्मीकि संघर्ष समिति ने किया मेयर का अभिनंदन

*भगवान वाल्मीकि कॉलोनी में समारोह का किया आयोजन*

- कॉलोनी की समस्याएं से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। मेयर प्रवीन प्रोपली का अभिनंदन करते वाल्मीकि संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

वाल्मीकि संघर्ष समिति की ओर से नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली के सम्मान में कैंट की भगवान वाल्मीकि कॉलोनी में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मेयर प्रवीन पोपली का बुक्के देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वार्ड 11 से निगम चुनाव में प्रत्याशी रहे कपिल बेदी ने मेयर को कॉलोनी की समस्याओं से अवगत करवाया। इन समस्याओं में पीने के पानी के अलावा सीवरेज व गली को पक्का करने की मुख्य समस्या बताई गई। मेयर प्रवीन पोपली ने क्षेत्र वासियों को विश्वास दिलाया कि जल्द ही इन सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा।

मेयर कर अभिनंदन करने वालों में वाल्मीकि संघर्ष समिति के प्रधान रामेश्वर पुहाल, सचिव नसीब चौहान, उपप्रधान शमशेर सिंह, सहसचिव प्रीतम वैध, प्रदीप वैध, राजमल राणा, राधाकिशन वैध, चंद्रभान, कुलदीप, अजय, सोनू राणा, कृष्ण, सुधन वैध के अलावा सभी कॉलोनी वासी शामिल रहे।

## संविधान स्वाभिमान पदयात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी आदमपुर



मंडी आदमपुर। संविधान स्वाभिमान

राजकीय पॉलिटेक्निक में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में संविधान स्वाभिमान पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा संस्थान की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य छात्रों में और ग्रामीणों में संविधान के प्रति जागरूकता और स्वाभिमान की भावना को प्रोत्साहित करना था। पदयात्रा का आयोजन सह समन्वयक रमेश कुमार व मोहित जिंदल ने एनएसएस ऑफिसर राकेश कुमार शर्मा के निर्देशन में किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत ने पदयात्रा को रवाना किया और कहा कि संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं, यह एक जीवंत दस्तावेज है जो हर नागरिक को सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार देता है। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि संविधान सिर्फ एक ग्रंथ नहीं, यह हमारे राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिंब है। हर युवा को इसके आदर्शों को अपने आचरण में उतारना चाहिए। बाबा साहेब ने जो अधिकार हमें दिए, उन्हें बनाए रखने के लिए हमें जागरूक, शिक्षित और संगठित रहना होगा।

यह पदयात्रा कॉलेज परिसर से शुरू होकर आदमपुर गांव तक निकाली गई, जहां एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से गांव में घूम-घूम कर सामाजिक समानता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दिया गया। इस मौक़े पर एनएसएस सह-समन्वयक विष्णु कुमार, रमेश कुमार, मोहित जिंदल, नीरू, नितिका सहित संस्थान के अनेक शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में एफसी कॉलेज की हरप्रीत प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कॉलेज स्टाफ के साथ छात्रा हरप्रीत।

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हरप्रीत ने राज्य स्तरीय ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय, कैथल में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में हरप्रीत ने नकद प्रोत्साहन राशि व प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ॰ अनीता सहरावत ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आगे भविष्य में होने वाली इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए छात्रा को प्रोत्साहित किया।

## जेजेपी ने आगजनी से प्रभावित किसानों के पक्ष में सौंपा ज्ञापन

*सैकड़ों एकड़ फसल जलकर राख*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी ने सोमवार को पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा के नेतृत्व में जिला के विभिन्न गांवों में आंधी व आगजनी से नष्ट हुई सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल के नष्ट होने पर उनकी गिरदावरी कर उचित मुआवजा देने संबंधी ज्ञापन महामहिम राज्यपाल हरियाणा के नाम तहसीलदार सिरसा को सौंपा। जेजेपी की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि करीब तीन दिन पूर्व सिरसा जिले के गांव रुपाणा, लुदेसर, भंगू, दड़बा, सुचान, सिकंदरपुर, हंजीरा, जोधकां सहित अन्य गांवों में तेज आंधी व आगजनी के चलते नष्ट हुई सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल से अनेक किसान आर्थिक तौर पर प्रभावित हुए हैं। जेजेपी आपके माध्यम से चाहती है कि सरकार इन प्रभावित किसानों के हुए नुकसान का अविलंब सही आंकलन करवाकर गेहूं की नष्ट हुई फसल की गिरदावरी करवाकर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। अशोक वर्मा ने कहा कि इस आगजनी में मूल रूप से सरकार की लापरवाही भी मुख्य कारण है क्योंकि खेतों के ऊपर से गुजरती बिजली की ढीली तारें नहीं कसी गई जिसका प्रभाव ये रहा कि आंधी से ये तारें आपस में टकराई जिससे चिंगारी पैदा हुई जिससे खड़ी गेहूं की फसल में गिरी जिससे आग लग गई।

## नहीं लिया राधेश्याम के परिजनों ने शव, दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठे राधेश्याम के परिजन व ग्रामीण।

नजदीकी गांव चंदन नगर में तीन दिन पूर्व हुइ राधेश्याम की हत्या मामले में अभी तक परिजनों ने शव नहीं लिया है। परिजनों ने नागरिक अस्पताल में धरना शुरू कर रखा है और उनकी मांग है कि मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। सदर थाना प्रभारी ईश्वर सिंह दोपहर में परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, लेकिन परिजन नहीं माने और आरोपियों की गिरफ्तारी पर ही धरना समाप्त करने पर अड़े रहे। धरने पर बैठे परिवार वालों ने मृतक की पत्नी मोनिका पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि मोनिका का अपने जीजा के साथ अवैध संबंध थे। उन्होंने दावा किया कि इसी वजह से हत्या की गई। वे मोनिका की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को पकड़ने की बजाय उन्हें डरा रही है। उनका कहना है कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, वे शव नहीं उठाएंगे। परिजनों के अनुसार 19 अप्रैल को चंदन नगर के राधेश्याम की पत्नी ने प्रेमी व परिजनों के साथ मिलकर 19 अप्रैल को उसकी हत्या कर दी। राधेश्याम के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी सहित 6 लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया।

**कार्यक्रम** बाबा बालक नाथ मंदिर में भंडारे और सत्संग का किया आयोजन

## भगवान से मुंह मोड़ने वाला हमेशा रहता दुखी : रामचरण

- काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । तरसेम नगर स्थित सिद्ध मंदिर बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

तरसेम नगर स्थित सिद्ध मंदिर बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में जेठा रविवार पर भंडारे व सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने कहा कि भगवान से मुंह मोड़ने वाला व्यक्ति हमेशा दुखी रहता है। प्रकाश में कभी गलत काम नही होते, गलत कार्य हमेशा अंधेरे में होते हैं। जब हम सूर्य की तरफ मुख करके चलेंगे तो अंधकार यानि परछाई हमारे पीछे चलती है और जब हम सूरज की ओर पीठ करके चलेंगे तो परछाई आगे आगे यानि हम अंधकार की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं। गुरु ही हमारे अंदर के अंधेरे को दूर कर सकते हैं। जब गुरु हमारे अंदर प्रकाश भर देंगे तो स्वतः ही कोई पाप नही होगा अर्थात कोई गलत काम नहीं होगा। सत्संग को सच्चे मन से सुनना चाहिए, बिना सच्चे मन से सत्संग सुनने का कोई फायदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि भगवान की सच्चे मन से की हुई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती। सच्चे मन से की गई भक्ति का फल हमें देर सवेर अवश्य मिलता है।

रामचरण गुप्ता ने कहा कि सच्चे मन से जो कोई बाबा के दरबार पर जाता है वह कभी खाली हाथ नहीं लौटता। उन्होंने कहा कि हमें किसी किसी से ईर्ष्या नहीं रखनी चाहिए और नहीं किसी की निंदा करनी चाहिए। निंदा चुगली से हम दूसरे का नुकसान नहीं बल्कि खुद अपने मन में अशांति अवश्य पैदा कर लेते हैं। रामचरण गुप्ता ने कहा कि जब भी सत्संग में बैठे तो दो घड़ी सच्चे मन से बैठना चाहिए। सच्चे मन से भक्ति का नजारा ही कुछ अलग दिखाई देगा।

उन्होंने कहा कि हम सत्संग में तो बैठे रहते हैं लेकिन हमारा मन कहीं और भटकता रहता है, ऐसे में सत्संग में बैठने का कोई फायदा नहीं है। इस अवसर पर भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### सोलर पैनल का एसी चुरा ले गए चोर

**सिरसा।** जिला के गांव भंगू में एक किसान के खेतों में लगे सोलर पैनल का चोर एसी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में डायरेक्टर अमित चावला ने बताया कि छतरियां रोड, भंगू पर उनका तारकोल-बजरी का प्लांट है। प्लांट को चलाने के लिए एक सोलर पैनल लगा हुआ है। पैनल को ठंडा रखने के लिए एसी लगा हुआ था।

**सूचना**

मैं मनफुल पुत्र रामस्वरूप निवासी गांव पुर तह. बवानी खेड़ा, जिला भिवानी, हाल आबाद गांव बास, तह. बास, जिला हिसार ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र अनिल कुमार जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए अब मैं अपने पुत्र को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का उपरोक्त पुत्र के साथ कोई संबंध नही होगा। भविष्य में अपने अच्छे-बुरे कार्य व लेनदेन और व्यवहार के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### वीआईपी मोबाइल नंबर देने के नाम पर ठगी

**हिसार।** साइबर थाना पुलिस ने वीआईपी मोबाइल नंबर बेचने के नाम पर की गई 45 हजार 670 रुपये की ठगी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के नौनारी निवासी किशन जायसवाल को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच अधिकारी एएसआई गोविंद सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी किशन जायसवाल ने अपने एक साथी सोनेलाल के साथ मिलकर सिरसा निवासी हर्षवर्धन से वीआईपी मोबाइल नंबर देने के नाम पर 45 हजार 670 रुपये की ठगी की थी।

### बर्थडे पार्टी में गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर पुलिस ने बर्थडे पार्टी में जानलेवा हमलाकर गोली चलाने के मामले में आरोपी मंडी आदमपुर निवासी देवीलाल उर्फ प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में 18 मार्च 2024 को बड़ोपल निवासी मनदीप ने थाना आदमपुर में उक्त नामजद आरोपी द्वारा उस पर जानलेवा हमला कर गोली मारने के बारे शिकायत दी थी। उसने बताया कि 17 मार्च को उसके बहनोई राहुल के जन्मदिन की पार्टी थी। उसी समय उसके बहनोई के पिता और उसके पड़ोसी रोहताश की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान रोहतास का छोटा भाई प्रवीण अपने हाथ में पिस्तोल लिए आया और गोली चलाई।

# डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने पर संगठन सड़क पर उतरे

## एसडीएम को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, डीजीपी का पुतला फूंका

गांव नंगथला में कुछ दिन पहले की गई थी प्रतिमा खंडित, प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की, लघु सचिवालय में नहीं घुसने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते दलित संगठन। फोटो : हरिभूमि

जिला के गांव नंगथला में कुछ दिन पहले डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने के विरोध में दलित संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करके सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। दलित संगठनों का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है परंतु गांव के एससी समाज के ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य आरोपी जो मास्टरमाइंड हैं वो अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। प्रदर्शन का नेतृत्व नेशनल अलायंस फॉर दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक रजत कल्सन ने किया। इस दौरान लघु सचिवालय परिसर में घुसने को लेकर प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई, लेकिन पुलिस ने उन्हें अंदर घुसने नहीं दिया। बाद में एसडीएम ज्योति मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि इस ज्ञापन को तुरंत ही मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा और जिला स्तर की मांगों के बारे में अभी से कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

### 15 दिन में कार्रवाई नहीं तो सीएम आवास का घेराव

ज्ञापन देने के उपरांत प्रदर्शकारियों ने हिसार राजगढ़ नेशनल हाइवे पर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का पुतला फूंका व इसके उपरांत इसके उपरांत धरनास्थल पर अधिवक्ता रजत कल्सन ने धरने को स्थगित करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सरकार को 15 दिन का समय दिया है और 15 दिन के अंदर मांगे पूरी नहीं की गई तो इस मामले में मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र स्थित आवास का घेराव करने का काम किया जाएगा।

### आरोपी गांव में खुला घूम रहा : रजत

इससे पूर्व प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए रजत कल्सन ने कहा कि गांव नंगथला में डॉ. अंबेडकर की मूर्ति खंडित करने मामले में पुलिस ने जानबूझकर गैर अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित सरपंच के बयानों पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने जानबूझकर उसमें एससी एसटी एक्ट इजाद नहीं किया तथा गांव के किसी भी अनुसूचित जाति ग्रामीण को मामले में न तो शिकायतकर्ता बनाया गया और न ही गवाह बनाया गया तथा इस मामले में केवल कठपुतली आरोपियों को ही गिरफ्तार किया गया है जबकि असल आरोपी गांव में खुला घूम रहे हैं।

# गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में पूर्व छात्रों ने ताजा की यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार के साथ पूर्व छात्र व संस्थान के शिक्षक।

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सोमवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य विभाग के पूर्व छात्रों से पुनः जुड़ाव स्थापित करना तथा उनके अनुभवों व उपलब्धियों को साझा करना रहा। इस अवसर पर कुल 43 पूर्व छात्रों ने सहभागिता की, जिनमें से 23 ने भौतिक रूप से (ऑफलाइन) एवं 20 ने ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह पूर्व छात्र 2004 से 2020 बैच तक के रहे, जिससे विभाग की वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा और विकास झलकता है। कार्यक्रम की शोभा उन पूर्व छात्रों ने और बढ़ा दी जो आज प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों जैसे ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड, जिंदल स्टील एंड पावर, एशियन पेंट्स आदि में कार्यरत हैं। इन पूर्व छात्रों ने अपने करियर अनुभव साझा किए, इंडस्ट्री से जुड़ी उपयोगी जानकारियां दीं तथा यह बताया कि किस प्रकार इस संस्थान में मिली शिक्षा और मार्गदर्शन ने उन्हें अपने क्षेत्र में सफल बनाया।

मंच का संचालन सतेंद्र रोहिला ने किया एवं कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष संजय कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभाग के दीपक, सोनू सिंह, अमित जांगड़ा, रोहित मलिक, विकास मोदी एवं जितेंद्र श्योराण भी मौजूद रहे।

# लीडिंग स्कूल की किंडरगार्टन विंग के बच्चों ने बॉक्सिंग रिंग में रखा पहला कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। बॉक्सिंग रिंग में मुक्केबाजी करते बच्चे।

लीडिंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के किंडरगार्टन विंग के बच्चों ने लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी का दौरा किया। इस दौरान बच्चों ने पहली बार बॉक्सिंग रिंग में कदम रखा और अपने जीवन का पहला पंच मारा। बच्चों में उत्साह और जोश देखते ही बनता था। स्कूल के निदेशक डॉ. एस.पी. पंघाल ने बताया कि नन्हे हाथों में जो आत्मविश्वास नजर आया, उसने यह साबित कर दिया कि वो दिन दूर नहीं जब यही बच्चे भारत के लिए बॉक्सिंग रिंग में उतरेंगे और न सिर्फ अपने माता-पिता व स्कूल का, बल्कि पूरे देश का नाम गर्व से ऊँचा करेंगे। लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी द्वारा बच्चों को दी गई यह प्रेरणात्मक झलक उनके अंदर छिपे चैंपियन को जगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ.पंघाल ने बताया कि हमारी बॉक्सिंग एकेडमी में भ्रमण कराने का उद्देश्य बच्चों के अंदर खेलों के प्रति भावना जागृत करना है।


हिसार। विजेता बच्चे को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी।

### भाषण प्रतियोगिता में आयुष ने मारी बाजी

**हिसार।** श्री राधा कृष्णा सेवा समिति द्वारा पटेल नगर में स्थित भारत उच्च विद्यालय में बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। इसमें आयुष प्रथम स्थान, कंगना द्वितीय व सिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूल के सात अन्य बच्चों ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। समिति के प्रधान सुभाष मुखीजा ने बताया कि स्कूल भाषण प्रतियोगिता करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चे उच्च शिक्षा के साथ साथ सामाजिक जानकारी भी प्राप्त कर सकें। मंच का संचालन किरण महता ने किया। इस मौके पर समिति के डॉ. महिपाल मुंजाल, गुरदीप अनेजा, राजकुमार अरोड़ा, गुरबख्श खुराना, उत्तम चंद, अमर कुकड़ेजा, सविता महतानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# नशा पीड़ित व्यक्ति के घर जाकर उपचार करें

- शिविर में एसडीएम ने की जन समस्याओं की सुनवाई, मौके पर ही किए समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

उपमंडल प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम राजेश खोथ ने की। और शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आए लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया। एसडीएम ने न्यू सुभाष नगर हांसी की निवासी बुजुर्ग महिला चंद्र देवी ने बुढ़ापा पेंशन के लिए आवेदन किया। एसडीएम ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश देते हुए मौके पर ही पेंशन स्वीकृत करवाई। उधर, शिविर में आए मुजादपुर निवासी एक परिवार ने बताया कि उनके परिवार का एक सदस्य तीन वर्षों से नशे का आदी है और मारपीट करता है, जिससे परिवार भयभीत है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि वे गांव जाकर नशा पीड़ित व्यक्ति का उपचार सुनिश्चित करें।

### स्वच्छता व सड़क मरम्मत को लेकर दिए निर्देश

कुम्भा गांव के ग्रामीणों द्वारा गांव में स्थित पेट्रोल पंप के आसपास फैले कूड़े-कचरे को हटाने की मांग की गई। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग को तत्काल मौके का मुआयना कर सफाई कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा ढाणी कुंदनापुर क्षेत्र में टूटी हुई सड़क की शिकायत मिलने पर एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग को शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ करने को कहा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार , जन स्वास्थ्य विभाग की एसडीओ शीला शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई।


हिसार। दयानंद कॉलेज में रखवाए गए पानी के सकोरे।

### दयानंद कॉलेज में रखे गए पानी के सकोरे

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के इको क्लब, भूगोल विभाग व पर्यावरण अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वल्ड अर्थ डे के उपलक्ष्य में 'अवर पलेनेट अवर पावर' थीम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पृथ्वी पर उपस्थित हर प्रकार के जीवन की महत्ता समझाते हुए पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह पर्यावरण विभाग के इंचार्ज डॉ. आदित्य कुमार, इको क्लब की संरक्षिका डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. वलेरिया सेठी, डॉ. संगीता, डॉ. हेमंत शर्मा और अन्य प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय में भी विभिन्न स्थानों पर दाना-पानी के सकोरे रखे गए।

# ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एम्पलाइज फेडरेशन के प्रैस सचिव बने मुकेश

- बैठक में सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों के प्रति अपनाए जा रहे रवैये पर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


प्रेस सचिव मुकेश तंवर

ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एम्प्लाइज फेडरेशन (एएचयूईएफ) की बैठक गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के चेयरमैन विपिन वधवा ने की, जबकि संचालन दीपक जांगडा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश तंवर को ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एम्प्लाइज फेडरेशन का प्रेस सचिव नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर चेयरमैन विपिन वधवा ने सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों के प्रति अपनाए जा रहे नकारात्मक रवैये पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार विश्वविद्यालयों को बजट, रिक्त पदों की पूर्ति और अन्य कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों से वंचित कर रही है।

फेडरेशन ने सभी विश्वविद्यालयों में पांच दिन वर्किंग करने तथा मेडिकल कैशलेस सुविधा देने की भी मांग की हैं।

बैठक में गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के उपप्रधान दीपक, पूर्व प्रधान इन्द्राज भारती, पूर्व महासचिव सुशील कुमार, पुनित खुराना, सुनील कौशिक, दिनेश चुघ, अशोक रोहिल्ला, अनिल धनसोइया, मनोज कुमार, संदीप मजोका, राजेश कुमार, संदीप कुमार उपस्थित रहे।

# दयानंद कॉलेज में कार्यशाला व पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

- गणित के आधुनिक तकनीकी उपयोगों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। दयानंद कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी एवं अध्यापकगण। फोटो :हरिभूमि

दयानंद कॉलेज के गणित विभाग की ओर से एप्लीकेशन ऑफ मैथमेटिक्स इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक कार्यशाला व पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यशाला व पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन का उद्देश्य छात्रों को गणित के आधुनिक तकनीकी उपयोगों से अवगत कराना था।

इस प्रतियोगिता में राज बीसीए प्रथम वर्ष पहले स्थान पर, अंकित एमएससी गणित प्रथम वर्ष दूसरे स्थान पर व भीमेश बीसीए प्रथम वर्ष तीसरे स्थान पर रहे। मंच संचालन जानवी और भीमेश वह प्रीति मैम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ. नीरू बाला ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रोफेसर हितेश कुमार, प्रोफेसर सुमित ढांडा, प्रो सुमन, डॉ. ज्योति, प्रो. प्रीति, प्रो. नेहा, प्रो. ज्योति व अमित की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पंजाबी अध्यापकों के लिए नए पद सृजित करने की मांग

- पंजाबी अध्यापक अते भाषा प्रचार प्रसार सोसायटी के राज्य महासचिव ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


गौरव भुटानी।

पंजाबी अध्यापक अते भाषा प्रचार प्रसार सोसायटी के राज्य महासचिव सुनील गोयल ने पंजाबी अध्यापकों के लिए नए पद सृजित करने की मांग की है। सभी वरिष्ठ विद्यालयों के साथ-साथ सभी उच्च विद्यालयों सहित सभी मॉडल विद्यालयों में पंजाबी प्रवक्ता का पद सृजत किया जाए। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा पंजाबी प्रवक्ता के पद पर पदोन्नत हुए पंजाबी अध्यापकों को 20 अप्रैल तक ऑलाइन स्कूल भरने के आदेश दिए गए थे। इन अध्यापकों के लिए स्टेशन चॉइस के लिए जो विद्यालय खोले गए हैं, उनमें करनाल व पानीपत जिले का एक भी विद्यालय नहीं खोला गया है। कुरुक्षेत्र व जींद जिले का केवल एक-एक व अम्बाला जिले के केवल 4 ही विद्यालयों को खोला गया है, जबकि करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला, पानीपत, जींद जिले पंजाबी भाषी क्षेत्र हैं, इन जिलों के विद्यालयों में बच्चे बड़ी संख्या में पंजाबी पढ़ने के इच्छुक हैं।

सोसायटी के हिसार जिले से जिला सचिव गौरव भुटानी ने बताया कि ग्राम पंचायत मोठ, लोहारी राघो व बीड़ ढंढूर के मांग पत्र राज्य कार्यकारिणी संगठन के माध्यम से शिक्षा निदेशालय को सौंप दिए गए थे। इन गांव में पंजाबी भाषा बोलने वाले परिवार है। स्कूली छात्र भी पंजाबी पढ़ने के इच्छुक है। लेकिन पंजाबी की पोस्ट न होने की वजह से छात्र भाषा पढ़ने से वंचित है।

# ...श्याम गुण गा ले बंदे, बेड़ा तेरा पार है भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन में किया श्याम बाबा का गुणगान, अर्जी लगाने उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। बीड़ बबरान धाम में सजा हुआ श्याम बाबा का दरबार।

प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में श्याम बाबा का संकीर्तन धूमधाम से आयोजित किया गया। इस संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। संकीर्तन के दौरान भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। श्याम गुण गा ले बंदे, बेड़ा तेरा पार है भजन सुनकर श्रद्धालु झूमने लगे।

संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। संकीर्तन में पधारने वाले श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर माथा टेका। इस दौरान भक्तों ने श्याम बाबा के चरणों में अपनी अर्जी लगाकर मन्नत भी मांगी। भक्तों ने श्याम बाबा की पूजा व आराधना करते हुए कल्याण की कामना भी की। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्याम बाबा भक्तों के बिगड़े हुए काम संवार देते हैं, इसलिए श्याम बाबा के चरणों में सच्चे मन से अर्जी लगानी चाहिए।

## नीमा के 77वें स्थापना दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में 163 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- ब्रह्माकुमारीज और नीमा का प्रयास आत्मिक शांति प्रदान करने वाला : डॉ. धर्मपाल पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। शिविर में मुख्य अतिथि जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया, नीमा व ब्रह्माकुमारीज संस्था के पदाधिकारी।

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र, ज्योतिपुरा मोहल्ला द्वारा एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ब्रह्माकुमारीज संस्था की बीके रमेश कुमारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया, नीमा के वरिष्ठ सदस्य डॉ. अमर ठकराल, डॉ. राजेंद्र, नीमा के प्रधान डॉ. साकेत शर्मा, सचिव डॉ. सुनील व कोषाध्यक्ष डॉ. अश्विनी की उपस्थिति में किया गया। शिविर में 163 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और फ्री दवाइयां वितरित की गई। शिविर में डॉ. देवेंद्र ग्रोवर, डॉ. मोनिका बांगा, डॉ. अनुराम जांगड़ा, डॉ. मीनाक्षी असीजा, डॉ. सरिता पचार, डॉ. कविता नारंग, डॉ. सुनीता यादव, डॉ. अशोक यादव, डॉ. सुरेश जायसवाल, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. मनोज आर्य, डॉ. सुमन ठकराल, डॉ. सुखबीर वर्मा, डॉ. रवि कटारिया, डॉ. घनश्याम पचार, डॉ. महेंद्र बंसल, डॉ. गौरव मुंजाल, डॉ. रजनी मुंजाल, डॉ. कविता मलिक ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रह्माकुमारीज और नीमा का यह संयुक्त प्रयास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि मानसिक व आत्मिक शांति प्रदान करने वाला भी है। नीमा अध्यक्ष डॉ. साकेत ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था सदैव हमारे सेवा कार्यों में सहयोग करती रही है और यह आयोजन भी उस साझेदारी का उदाहरण है।